भारत सरकार
पंचायती राज मंत्रालय
**लोक सभा**
**तारांकित प्रश्न संख्या *112**
दिनांक 03.12.2024 को उत्तरार्थ

## सामुदायिक रेडियो कार्यक्रम के माध्यम से जागरूकता फैलाना

***112. श्री तापिर गाव:**
**श्री जनार्दन मिश्रा:**

क्या पंचायती राज मंत्री यह बताने की कृपा करेंगे कि:

(1) ''सरपंच पति'' रीति सहित विभिन्न मुद्दों के बारे में जागरूकता फैलाने और डिजिटल पहल को बढ़ावा देने के लिए सरकार द्वारा उठाए गए कदमों का ब्यौरा क्या है;

(2) सरकार की विभिन्न पहलों के संबंध में जानकारी का प्रसार करने हेतु सामुदायिक रेडियो कार्यक्रम श्रृंखला 'जन जन तक जानकारी' का क्या महत्व है; और

**(3)** उन राज्यों का ब्यौरा क्या है जहां यह प्रायोगिक परियोजना वर्तमान में विभिन्न सामुदायिक रेडियो स्टेशनों के माध्यम से कार्यान्वित की जा रही है और स्थानीय समुदायों से क्या प्रारंभिक प्रतिक्रिया प्राप्त हुई है?

**उत्तर**

**पंचायती राज मंत्री**

**(श्री राजीव रंजन सिंह)**

(क) से (ग): विवरण सदन के पटल पर रखा गया है।

सामुदायिक रेडियो कार्यक्रम के माध्यम से जागरूकता फैलाने के संबंध में दिनांक **03.12.2024** को उत्तरार्थ लोक सभा तारांकित प्रश्न संख्या **112** के भाग (क) से (ग) के उत्तर में संदर्भित विवरण

---

(1) पंचायती राज मंत्रालय, पंचायती राज संस्थाओं और आम जनता के लाभ के लिए सरपंच पति प्रथा, मंत्रालय की प्रमुख स्वामित्व योजना और डिजिटल पहलों जैसे ई-ग्राम स्वराज, मेरी पंचायत, पंचायत निर्णय, ऑडिटऑनलाइन, ग्राम मानचित्र जैसे डिजिटल एप्लीकेशनों और पोर्टलों पर जागरूकता फैलाने के लिए सामुदायिक रेडियो के माध्यम से सूचना, शिक्षा और संचार (आईईसी) गतिविधियों, सोशल मीडिया सहित मीडिया सहभागिता, सम्मेलनों, संगोष्ठियों, कार्यशालाओं, अभियानों का आयोजन और उनमें भागीदारी, लोक सेवा जागरूकता (पीएसए) फिल्मों का प्रदर्शन और स्क्रीनिंग, सामुदायिक रेडियो के माध्यम से कार्यक्रमों का प्रसारण जैसे मुद्दों पर जागरूकता फैलाने के लिए विभिन्न रीतियां अपना रहा है। स्वामित्व योजना पर पीएसए फिल्म 2 से 15 अगस्त, 2024 के दौरान पूरे देश के सिनेमाघरों में प्रदर्शित की गई और जन योजना अभियान (पीपीसी) पर अन्य पीएसए फिल्म को उसकी स्क्रीनिंग के लिए सूचना और प्रसारण मंत्रालय को भेजा गया है। मंत्रालय ने 14 से 27 नवंबर के दौरान नई दिल्ली के भारत मंडपम परिसर में आयोजित 43वें अंतर्राष्ट्रीय व्यापार मेले में पंचायती

राज संस्थाओं (पीआरआई) और आम जनता के लिए अपने डिजिटल हस्तक्षेपों/सुधारों को प्रदर्शित करने के लिए एक मंडप/पैविलियन बनाया। मंत्रालय ने इसी उद्देश्य से 9 से 13 जनवरी, 2024 के दौरान वाइब्रेंट गुजरात ट्रेड शो में भी एक मंडप/पैविलियन बनाया था और डिजिटल सुधारों को प्रदर्शित करते हुए स्मार्ट पंचायत मॉडल का प्रदर्शन किया था।

(2)

(ख) और (ग) सामुदायिक रेडियो स्टेशन (सीआरएस), जिनकी प्रसारण सीमा 5-10 किलोमीटर के दायरे में हैं, लोगों के बीच विभिन्न मुद्दों पर सूचना के प्रसार और जागरूकता फैलाने के लिए एक प्रभावी माध्यम हैं, क्योंकि सीआरएस स्थानीय रीति-रिवाजों और संस्कृति को ध्यान में रखते हुए स्थानीय भाषा, बोली में कार्यक्रम प्रसारित करते हैं। पंचायती राज मंत्रालय ने हाल ही में सामुदायिक रेडियो एसोसिएशन (सीआरए) को मंत्रालय की हालिया पहलों पर 'जन जन तक जानकारी' कार्यक्रम श्रृंखला आयोजित करने और प्रसारित करने तथा प्रायोगिक आधार पर बिहार, कर्नाटक और महाराष्ट्र में 15 सामुदायिक रेडियो स्टेशनों के माध्यम से प्रॉक्सी-सरपंच या सरपंच पति की प्रथा से संबंधित मामलों पर जागरूकता फैलाने का काम सौंपा है। सरपंच पति मामले के अलावा, अन्य नौ प्रकरणों को कवर किया गया, जिनमें पंचायती राज संस्थाओं द्वारा स्वयं के राजस्व स्रोतों का संघठन, जल, बुनियादी ढांचे, स्वास्थ्य, महिला एवं बाल विकास, सुशासन आदि के क्षेत्रों में सतत विकास लक्ष्यों के मामले और संभावनाएं शामिल थीं।

इन राज्यों में 15 सामुदायिक रेडियो स्टेशनों की सूची, जिन्होंने 'जन जन तक जानकारी' कार्यक्रम की श्रृंखला/सीरीज प्रसारित की, **अनुबंध-I** में दी गई है और प्रसारित विषयवार प्रकरणों की सूची **अनुबंध-II** में दी गई है।

***

**अनुबंध-I**

**सामुदायिक रेडियो कार्यक्रम के माध्यम से जागरूकता फैलाने के संबंध में दिनांक 03.12.2024 को उत्तरार्थ लोक सभा तारांकित प्रश्न संख्या 112 के भाग (क) एवं (ख) के उत्तर में संदर्भित अनुबंध**

**15 सामुदायिक रेडियो स्टेशनों की सूची जिनके माध्यम से जन जन तक जानकारी कार्यक्रम श्रृंखला प्रसारित की गई है**

| क्र. सं. | राज्य | रेडियो का नाम | पता |
|---|---|---|---|
| 1. | बिहार | **रेडियो स्नेही** | स्नेही लोकोत्थान संस्थान<br>सामुदायिक रेडियो स्टेशन रेडियो स्नेही<br>नई बस्ती, फ़तेहपुर, शिवाजी नगर,<br>सीवान, बिहार-841226 |
| 2. | | **रेडियो एक्टिव** | रेडियो एक्टिव, भागलपुर द्वितीय तल सुमरित मंडल कॉम्प्लेक्स, नेताजी सुभाष चंद्र बोस रोड, तिलकामांझी, भागलपुर,<br>बिहार-812001 |
| 3. | | **रेडियो रिमझिम** | अयोध्या लाल कल्याण निकेतन ग्राम सपहा, पोस्ट ऑफिस सेमरा बाजार वाया नेचुयालालपुर, गोपालगंज<br>841503, बिहार |
| 4. | | **रेडियो मयूर** | मयूर कला केंद्र, आर्य नगर, इमामगंज, छपरा, सारण जिला- 841301 |
| 5. | | **रेडियो रिसरच** | श्री राधा कृष्ण सामाजिक विकास समिति संस्थान, कंकरघोट मोड़, लल्लू पोखर, मुंगेर, बिहार-811201 |
| 6. | महाराष्ट्र | **रेडियो मनभावन** | एकलव्य क्रीड़ा संकुल के सामने,<br>केसीई सोसाइटी एम.जे. कॉलेज, जलगांव-425001, महाराष्ट्र |
| 7. | | **गुरुवाणी सीआरएस** | गुरुकृपा कॉलेज ऑफ एजुकेशन एंड रिसर्च, गुरवाणी कम्युनिटी रेडियो एस.एस.पी.मेडिकेशनल कॉम्प्लेक्स, शुभम कॉम्प्लेक्स के पास योगीधाम गौरीपाड़ा रोड कल्याण महाराष्ट्र 421301 |
| 8. | | **रेडियो विश्वास** | विश्वास ज्ञान प्रबोधिनी एवं अनुसंधान संस्थान<br>रेडियो विश्वास 90.8 सीआरएस<br>विश्वास को-ऑप बैंक लिमिटेड का विश्वज्योति अपार्टमेंट बेसमेंट, मुंबई नाका शाखा, प्रकाश पेट्रोल पंप के पीछे<br>गोविंद नगर, मुंबई नाका,<br>नासिक-422009, महाराष्ट्र |

| | | | |
|---|---|---|---|
| 9. | | **रेडियो वर्धा** | निसर्ग मित्र ग्राम विकास शिक्षण संस्थान, गोकुलधाम, साई नगर रोड, राम नगर, वर्धा-442001, महाराष्ट्र |
| 10. | | **रेडियो नगर** | रेडियो नगर,<br>स्नेहालय, डॉ. अडकर बालकल्याण संकुल, लेंडकर माला, बालिकाश्रम रोड, अहमदनगर-414001, महाराष्ट्र |
| 11. | कर्नाटक | **रेडियो सारंग** | रेडियो सारंग - 107.8 मेगाहर्ट्ज<br>सामुदायिक रेडियो स्टेशन<br>सेंट अलॉयसियस कॉलेज<br>सेंट अलॉयसियस कॉलेज रोड<br>कोडियालबैल, पी बी 720<br>मैंगलोर-575003, कर्नाटक |
| 12. | | **रेडियो मणिपाल** | मणिपाल एकेडमी ऑफ हायर एजुकेशन, माधव नगर मणिपाल -576104 उडुपी जिला कर्नाटक |
| 13. | | **रेडियो शिवमोग्गा** | कोदाचद्री इंटीग्रेटेड डेवलपमेंट सोसाइटी नंबर 70/1 रत्नाकर नगर, कृषि और बागवानी विज्ञान विश्वविद्यालय के सामने, शिवमोग्गा-577204 |
| 14. | | **नम्माध्वनि रेडियो** | एमवाईआरएडीए नम्माध्वनि सामुदायिक रेडियो 166, संथे गेट, बुदिकोटे, बंगारपेटे तालुक, कोलार जिला, कर्नाटक-563114 |
| 15. | | **अंतरवाणी रेडियो** | अंतरवाणी सीआरएस शरणबसवेश्वर वोद्या वर्धक संघ कलबुर्गी (गुलबर्गा), कर्नाटक-585103 |

**नोट:** बिहार के मुंगेर में सामुदायिक रेडियो स्टेशन रिसर्च रेडियो में तकनीकी समस्या के कारण, सामुदायिक रेडियो कार्यक्रमों का प्रसारण अभी बंद है। अन्य सभी रेडियो स्टेशनों ने अपना प्रसारण पूरा कर लिया है।

**अनुबंध-II**

**सामुदायिक रेडियो कार्यक्रम के माध्यम से जागरूकता फैलाने के संबंध में दिनांक 03.12.2024 को उत्तरार्थ लोक सभा तारांकित प्रश्न संख्या 112 के भाग (क) एवं (ख) के उत्तर में संदर्भित अनुबंध**

**जन-जन तक जानकारी कार्यक्रम श्रंखला के अंतगर्त सामुदायिक रेडियो स्टेशनों के माध्यम से प्रसारित 10 एपिसोडों की सूची**

| क्रम सं. | एपिसोड | फोकस विषय |
|---|---|---|
| 1. | एपिसोड 1 | स्वयं के राजस्व स्रोत |
| 2. | एपिसोड 2 | सरपंच पति |
| 3. | एपिसोड 3 | स्वस्थ गांव |
| 4. | एपिसोड 4 | महिला हितैषी गांव |
| 5. | एपिसोड 5 | बाल हितैषी गांव |
| 6. | एपिसोड 6 | आत्मनिर्भर बुनियादी ढांचा |
| 7. | एपिसोड 7 | जल पर्याप्त गांव |
| 8. | एपिसोड 8 | गरीबी मुक्त गांव |
| 9. | एपिसोड 9 | स्वच्छ और हरित गांव |
| 10. | एपिसोड 10 | सुशासन वाला गांव |

***